# राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

## जवाहर लाल नेहरू मार्ग

क्रमांक– परीक्षा पी.जी., प्रोफेशनल संचालन/2025/ दिनांकः

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 एवं स्नातकोत्तर ग्रेडिंग सेमेस्टर के तहत स्नातकोत्तर/व्यावसायिक सेमेस्टर परीक्षा (नियमित एवं स्वयंपाठी) सत्र 2025–2026 के परीक्षा आवेदन पत्र भरने संबंधी विज्ञप्ति

इस कार्यालय के विज्ञप्ति क्रमांक परीक्षा पी.जी., प्रोफेशनल संचालन/2025/68 दिनांक 07.11.2025 की निरंतरता में विश्वविद्यालय Circular No. NEP-2020/Acad.I/2025/3113-513 Dated 09-09-2025 एवं पत्र क्रमांक परीक्षा 5–ब/2025/1262 दिनांक 31.10.2025 के अनुसरण में अधिनियम– 199 H-4, H-6, H-8 एवं 199-F के तहत शैक्षणिक सत्र 2025–26 में राजस्थान विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर (Post-Graduate)/व्यावसायिक विभाग के प्रथम, तृतीय, पंचम, सप्तम एवं नवम सेमेस्टर के नियमित परीक्षार्थियों तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों के विभिन्न संकायों में अध्ययनरत प्रथम सेमेस्टर के नियमित एवं स्वयंपाठी (Non-Collegiate) परीक्षार्थियों के परीक्षा फॉर्म वेबसाईट www.univraj.org एवं erp.univraj.org पर ऑनलाईन माध्यम से भरे जाने की तिथि निम्नानुसार हैः–

| क्र.सं. | पाठ्यक्रम | Without Late fee अन्तिम तिथि |
|---|---|---|
| 1 | M.A./M.Sc./M.Com./Professional I-Semester NEP Scheme के नियमित एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थी | 24.11.2025 तक |
| 2 | M.A./M.Sc./M.Com./Professional III, V, VII & IX-Semester Grading/ NEP Scheme के नियमित परीक्षार्थी | |

ह०

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक : परीक्षा/2025/1656–1665 दिनांकः 19.11.2025

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है :–

1. (अ) समस्त विभागाध्यक्ष/प्राचार्य/प्राचार्या, संघटक/सम्बद्ध महाविद्यालयों को प्रेषित कर लेख है कि यह सुनिश्चित करें कि नियमित एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन सह नामांकन आवेदन पत्रों की अलग–अलग प्रति/हार्ड कॉपी वांछित दस्तावेजों सहित विशेष रूप से स्नातक, अन्य विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण विद्यार्थियों का मूल माईग्रेशन प्रमाण पत्र तथा अंकतालिका की प्रति नामांकन पत्र के साथ संलग्न हैं एवं सही है। परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन वेबसाईट www.univraj.org एवं erp.univraj.org से पूर्व कार्यालय पत्र परीक्षा 5–ब/1262 दिनांक 31.10.2025 के अनुसरण में विश्वविद्यालय पोर्टल पर नव प्रवेशित परीक्षार्थियों की CSV File संबंधित विभाग/महाविद्यालयों द्वारा Upload किया जाना प्रक्रियान्तर्गत है तथा तदनुसार सभी परीक्षार्थियों के अपनी ABC ID/APAAR ID के माध्यम से ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरे जाने के पश्चात् NEP Ord. 199-H एवं Ord. 199 F-3(j) Grading/Non-Grading Scheme Semester के तहत 75 प्रतिशत उपस्थिति, सतत् मूल्यांकन (Continious Assessment) में न्यूनतम अंक अर्जित करने वाले पात्र विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्रों मय समस्त आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेज (पूर्व में उत्तीर्ण, अनुत्तीर्ण समस्त अंकतालिकाएं इत्यादि) सहित सभी आवश्यक पूर्ति कर योग्य छात्रों की सूची सहित परीक्षा 5–ब कमरा नं. 127 (स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम) तथा परीक्षा 5–अ कमरा नं. 131 (व्यावसायिक पाठ्यक्रम) में समस्त परीक्षा आवेदन पत्रों को कृपया संबंधित विभागों/महाविद्यालयों के निदेशक/विभागाध्यक्ष/प्राचार्य द्वारा ऑनलाईन प्रक्रियानुसार जांच कर तदनुसार वेबसाईट पर सत्यापन कर Generated Nominal Roll अनुसार दिनांक 25.11.2025 तक निश्चित रूप से अग्रेषित किये जाने का श्रम करें। निर्धारित परीक्षा शुल्क का विवरण, दिशा–निर्देश में अंकित है जो विश्वविद्यालय वेबसाईट www.uniraj.ac.in एवं www.univraj.org पर उपलब्ध है। विश्वविद्यालय से किसी भी प्रकार के पत्र व्यवहार में कृपया परीक्षा केन्द्र/महाविद्यालय कोड़ आवश्यक रूप से अंकित करें।

(ब) विश्वविद्यालय से सम्बद्ध निजी महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष (प्रथम/द्वितीय सेमेस्टर) हेतु आवंटित सीटों एवं आवंटित विषयों के अनुसार ही नियमित छात्रों से परीक्षा आवेदन सह नामांकन पत्र भरवाए गए हैं, इस आशय का शपथ–पत्र संबंधित प्राचार्य द्वारा परीक्षा फार्मों के साथ संलग्न करना होगा।

(स) पूर्व की भांति केवल स्वयंपाठी छात्रों हेतु ही उनके परीक्षा आवेदन पत्र एवं नामांकन पत्र का अग्रेषण का शुल्क रू. 8/– प्रति छात्र देय होगा, बिन्दु संख्या–1(अ) की पूर्ण पालना नहीं करने पर देय शुल्क राशि में से कटौती होगी।

2. निदेशक, इन्फोनेट सेंटर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित करवाने की व्यवस्था करें।
3. वित्त नियंत्रक एवं वित्तीय सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि वे यह सुनिश्चित करने का श्रम करें कि सत्र् 2025–26 हेतु बैंक गेटवे द्वारा जमा किये गये परीक्षा शुल्क राशि विश्वविद्यालय के मुख्य बैंक खातों में जमा करवा दी गई है एवं जमा विवरण प्राप्त कर Reconciliation करवाने का श्रम करें।
4. अतिरिक्त कुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालयों की सूची उपलब्ध सीटों सहित संबंधित कम्प्यूटर फर्म को भिजवाने का श्रम करें।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना को मुख्य समाचार पत्रों में समाचार के रूप में प्रकाशित करवाने की व्यवस्था करें।
6. संबंधित कम्प्यूटर फर्म को सूचित कर लेख है कि विज्ञप्ति के अनुसार परीक्षार्थियों के ऑनलाईन आवेदन पत्र ABC ID /APAAR ID के माध्यम से भरवाने का श्रम करें तथा III, V, VII & IX-Semester Grading Scheme की जिन विद्यार्थियों के आंतरिक मूल्यांकन (Continious Assessment) जिन–जिन पेपरों में पोर्टल पर प्राप्त न्यूनतम अंकों की अर्हता पूर्ण की हो उन विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म उन्हीं पेपरों में खोलने का श्रम करें।
7. प्रबन्धक, आई.सी.आई.सी.आई, बैंक, बापू नगर ब्रांच, विश्वविद्यालय केम्पस, जयपुर को भेजकर लेख है कि परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन माध्यम से जमा परीक्षा शुल्क का Real Time Integration प्रक्रिया अपनाते हुये उसकी जानकारी संबंधित परीक्षा फॉर्म भरवाने वाली कम्प्यूटर फर्म को प्रेषित करें। यदि किसी परीक्षार्थी का भुगतान Real Time Integration प्रक्रिया में सफल ना होने पर तत्काल रिफंड करें जिससे परीक्षार्थी/विश्वविद्यालय फीस रिफंड हेतु अनावश्यक परेशान ना हो।
8. वरिष्ठ निजी सहायक माननीया कुलगुरू/कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
9. समस्त उप–कुलसचिव/सहायक कुलसचिव/अनुभाग अधिकारी परीक्षा संचालन व गोपनीय अनुभाग/शैक्षणिक –द्वितीय/सेलर–।,।।/परीक्षा विविध, रिकार्ड शाखा, रोकड़ शाखा, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

19/11/25

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)